कार्रवाई | ब्यौहारी पुलिस की शानदार सफलता, नशे के सौदागरों में हड़कंप

1 क्विंटल 27 किलोग्राम गांजा जब्त

नवभारत,शहडोल । ब्यौहारी पुलिस ने एक बार फिर नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को सख्ती से लागू करते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की है। थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल हक के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने 27 जून 2026 को एक त्वरित रेड कार्यवाही में 1 क्विंटल 27 किलोग्राम गांजा (मादक पदार्थ) जब्त किया। इसकी अनुमानित कीमत बाजार में 12 लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है।

मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी जियाउल हक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मानपुर-ब्यौहारी रोड स्थित फॉरेस्ट हाउस के पास घेराबंदी की गई। एक सफेद रंग की टाटा ब्रेजा कार को देखते ही संदिग्ध आरोपी पुलिस की मौजूदगी भांपकर कार छोड़कर जंगल की ओर भाग खड़े हुए। पुलिस टीम ने तुरंत कार की तलाशी ली तो उसमें 4 काली बोरियों में छोटे-छोटे पैकेटों में छिपाकर रखा हुआ गांजा बरामद हुआ। मौके पर वजन कराने पर कुल 127 किलोग्राम गांजा पाया गया।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई सराहनीय

पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी मुकेश आविद्रा के दिशा-निर्देशन में ब्यौहारी पुलिस की इस सटीक और साहसिक कार्यवाही की सराहना की जा रही है। थाना प्रभारी जियाउल हक की सजगता, सूझबूझ और टीम को प्रेरित करने की क्षमता ने इस बड़ी सफलता को संभव बनाया।कार्यवाही में थाना ब्यौहारी के उनि. बालकरण प्रजापति, प्र.आर. हीरा सिंह, प्र.आर. नरेन्द्र उपाध्याय, आर. 762 गंगा सागर गुप्ता, आर. रामजी गौतम, आर. पंकज, आर. विवेक सूर्या, आर. ऋषभ शुक्ला और आर. शंकर सिंह की सराहनीय भूमिका रही। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस की टीम अब फरार आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए छानबीन में जुटी हुई है।

शहडोल पुलिस का संदेश

यह कार्यवाही साफ संकेत देती है कि ब्यौहारी पुलिस नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। थाना प्रभारी जियाउल हक जैसे सजग और निडर अधिकारियों के नेतृत्व में क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वालों के लिए अब मुश्किलें बढ़ गई हैं।

समाचार से बौखलाए सचिव पति का विवादित बयान

▸ बोले जैसा मन पड़ेगा वैसा काम करूंगा, किसी अधिकारी से नहीं डरता

नवभारत,ब्यौहारी। जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रसपुर के कोलान टोला में लगभग 7 लाख 30 हजार रुपये की लागत से निर्माणाधीन पुलिया कार्य में अनियमितताओं के आरोपों के बीच नया विवाद सामने आया है। घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद सचिव पति ने कथित रूप से विवादित बयान देते हुए कहा कि जैसा मन पड़ेगा वैसा काम करूंगा, किसी अधिकारी से नहीं डरता।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में गुणवत्ता मानकों की खुली अनदेखी की जा रही है। निर्माण कार्य में 10 एमएम की गिट्टी का उपयोग किया गया है, जबकि निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। साथ ही निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सीमेंट और रेत का अनुपात भी सही नहीं रखा जा रहा, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।मामले को लेकर 27 जून को समाचार प्रकाशित होने के बाद भी संबंधित जिम्मेदारों द्वारा कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत का पूरा कार्य सचिव के पति द्वारा संचालित किया जा रहा है और वे मनमाने तरीके से कार्य करवा रहे हैं। ग्राम निवासी पुष्पेंद्र पाठक ने पूरे मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराते हुए निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सचिव पति की मनमानी से जनता परेशान है। क्षेत्रवासियों ने ग्राम पंचायत में कराए गए अन्य निर्माण कार्यों की भी निष्पक्ष जांच कराने तथा संबंधित सचिव को पंचायत से हटाने की मांग प्रशासन से की है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्यों की जांच नहीं कराई गई तो शासकीय राशि के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आ सकता है।

7 .50 लाख की पुलिया निर्माण पर उठे सवाल

▸ ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप बिना सूचना बोर्ड के हो रहा निर्माण, गुणवत्ता जांच की मांग

नवभारत, ब्यौहारी। जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत रसपुर कोलान टोला में लगभग 7.50 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन पुलिया की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि पुलिया के बेस का कार्य सही तरीके से नहीं किया गया है तथा निर्माण में 10 एमएम गिट्टी का उपयोग किया गया है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया के तकनीकी स्वीकृति (टीएस) पर भी संदेह है, क्योंकि पुलिया दोनों ओर के क्षेत्र को पर्याप्त रूप से कवर नहीं कर रही है। ऐसे में बरसात के दौरान दोनों तरफके लोगों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल सकेगा। वहीं पुलिया की बीम को भी कमजोर बताया जा रहा है। आरोप है कि ढलाई के कुछ समय बाद ही पुलिया से गिट्टियां निकलने लगी है, जिससे निर्माण की मजबूती पर प्रश्नचिह्न लग गया है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में मजदूरों की संख्या नाममात्र की है और अधिकांश कार्य मशीनों के माध्यम से कराया जा रहा है। साथ ही निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जबकि नियमानुसार कार्य प्रारंभ होने से पहले निर्माण संबंधी पूरी जानकारी वाला बोर्ड लगाया जाना अनिवार्य है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर से पुलिया निर्माण की तकनीकी एवं गुणवत्ता संबंधी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

एक नजर में

राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण कोई मामला लंबित नही रहे : कलेक्टर

नवभारत,शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के विराट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी राजस्व प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। कलेक्टर ने सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, भू-अर्जन भुगतान, राजस्व वसूली, सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों, अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों एवं फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य राजस्व मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रकरणों में तेजी लाते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व काजोल सिंह, अमृता गर्ग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नवागत धिरौल पंचायत सचिव पुष्पेंद्र पांडे की हुई पदस्थापना

नवभारत,धिरौल । ग्राम पंचायत अंतर्गत सचिव पद पर पुष्पेंद्र पांडे की पदस्थापना की गई इसके पूर्व श्री पांडे छुल्हा पंचायत में एक वर्ष तक पदस्थ थे लेकिन उनके द्वारा छूल्हा पंचायत अंतर्गत विभिन्न शासकीय कार्यों के उत्कृष्ट वा शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के अंतर्गत कई विशेष जनहित कार्यों का संपादन किया गया उन्हे इस उत्कृष्ट कार्यों के कारण प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया अल्प समय में अब वह धिरौल ग्राम पंचायत अंतर्गत सचिव पद पर कार्यरत किया गया है श्री पांडे द्वारा कहा गया की शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं वा उनकी मंशानुरूप कार्यों को करके शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत के माध्यम से समस्त ग्रामीण जनों तक पहुंचाना उनका विशेष दायित्व होगा उनकी पदस्थापना होने पर क्षेत्र में विकास की उम्मीदें जागृत हुई हैं ।

मिशन वात्सल्य योजना के तहत आयोजित हुई कार्यशाला

नवभारत,शहडोल । जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य योजना अन्त र्गत देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों (गुमशुदा बच्चों, बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, के रोकथाम) के परिवार पुनर्स्थशपन हेतु सभी सहयोगी विभागो के साथ उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अखिलेश मिश्रा द्वारा मिशन वातसल्य एवं किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई। मिशन वातसल्य योजना अन्तर्गत दत्तक ग्रहण, स्पांशरशिप, फास्टर केयर, पीएम केयर फार चिलड्रन, चाइल्ड लाइन, वन स्टाप सेन्टर, संस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

जिला श्रम कार्यालय से उपस्थिति सहा. श्रम अधिककारी द्वारा बाल श्रम एवं पेन्सिल पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री प्रदीप सिंह जी द्वारा विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के साथ पुलिस, सवं सामाज के द्वारा किस प्रकार का व्यवहार किय जाना चाहिए उसके बारे में बताया गया साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि किशोर न्याय अधिनियम का उददेश्य, विधि का उल्लंघन करने वाला बालक को पुनरू समाज की मुख्य धारा से जोडना है। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष कल्याणी वाजपेयी ने देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक के सबंध में बताया कि यदि कोई ऐसा बालक जो देखरेख एवं सरंक्षण की श्रेणी में आता है तो समाज के किसी भी व्यक्ति के द्वारा बाल कल्यण समिति के समक्ष पेश कर सकता है ऐसा करने से समिति उस बालक के सर्वोत्तम हित में कार्य कर सकती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकारण की सचिव श्रीमती श्वेता परते तिवारी द्वारा पीडित प्रतिकर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी । जिला विधिक अधिकारी देवेन्द्र द्वारा पॉक्सो एक्ट पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण की सचिव एवं जिला विधिक अधिकारी, ए.एच.टी.यू. के प्रभारी अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस ईकाई, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, अधीक्षक बालिक संप्रेक्षण गृह बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, सर्पोट पर्सन (पाक्सो एक्ट), पीएलव्ही मेम्बर, मिशन वतसल्य योजना के संरक्षण अधिकारी उमाशंकर गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्त्ता मोनू प्रजापति, संस्कृति सोलंकी एवं असशकीय समाज सेवी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मनमानी बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

▸ कार्यालय में रहती है बिजली, गांव अंधेरे में

नवभारत ,गोहपारू । क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर मनमानी बिजली कटौती का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जहां एक ओर बिजली विभाग के कार्यालय में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनी रहती है, वहीं गांवों में बार-बार बिजली काट दी जाती है। इससे पेयजल व्यवस्था, बच्चों की पढ़ाई, खेती-किसानी तथा छोटे व्यापार प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली गुल रहने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि अनावश्यक बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा यदि किसी तकनीकी कारण से बिजली बंद करनी पड़े तो इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को दी जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला और बालिका की मौत

नवभारत,शहडोल। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला और एक 11 वर्षीय बालिका शामिल हैं। दोनों घटनाओं के बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पहली घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के कोटरी गांव की है। पुलिस के अनुसार 68 वर्षीय फुलची बाई कोल जंगल में महुआ की डोरी (महुआ के फल/बीज) बीनने गई थीं। इसी दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के गांधिया गांव में हुई। यहां तेज हवा चलने के बाद घर के सामने लगे आम के पेड़ के नीचे गिरे आम बीनने गई 11 वर्षीय प्रियांशी रैदास आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

खुदाई के बाद मलबा नहीं हटाने की जिद पर अड़े जिम्मेदार

नवभारत,जबलपुर। साहब.. अब हम करें तो क्या करें, जिम्मेदार विभाग खुद एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर काम से बचना चाह रहे हैं... ये उदासीनता ठीक नहीं है.. ये बातें इन दिनों भूकंप कॉलोनी के रहवासियों के खेमे में बीच जोरों पर चल रहीं हैं और अब वे कमिश्नर, कलेक्टर तक मामले की शिकायत करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। दरअसल मामले में भूकंप कॉलोनी में पानी की निकासी के लिए नाली की खुदाई की गई थी और फिर उसके मलबे को वहीं पर छोड़ दिया गया। अब करीब 1 महीने होने जा रहे हैं और मलबा कीचड़ में तब्दील हो चुका है और आधी सड़क पर कब्जा जमा चुका है। ऐसे में स्थानीयजनों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।

विदित हो कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा भूकंप कॉलोनी में बारिश के समय जलप्लावन न हो इसके लिए पानी की निकासी के लिए जगह-जगह खुदाई की गई थी । खुदाई तो पूरी हो गई थी लेकिन खुदाई से निकले मलबे को जिम्मेदार उठाना भूल गए और अब लोगों के लिए ये मलबा परेशानी का सबब बना हुआ है। जानकारी के अनुसार हर वर्ष बारिश में भूकंप कॉलोनी, गंगानगर क्षेत्र में जलप्लावन बहुत होता है इसलिए निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा पानी की निकासी के लिए यहां खुदाई कार्य किया था।

15 फीट की सड़क बची 7 फीट

महाराणा प्रताप वार्ड के भूकंप कॉलोनी निवासी शुभम साहू, अमर सिंह ठाकुर, बलराज सिंह, भैरव बड़गैयां, वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य ने नवभारत को बताया कि भूकंप कॉलोनी हनुमान मंदिर के पास 1 महीने से मलबा पड़ा हुआ है, कई बार संभागीय अधिकारी कृष्णकांत रावत, सीएसआई संतोष माहौर को शिकायत की गई कि मलबा उठाकर अलग कराएं लेकिन जिम्मेदार एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हुए अनदेखी कर रहे हैं और खामियाजा हम सभी को भुगतना पड़ रहा है। आलम ये है कि सड़क कुल 15 फीट की है तो मलबे के फैलने के कारण अब सड़क चलने के लिए महज 7 फीट ही बची है, ऐसे में जाम अलग लग रहा है और स्थानीय लोगों को इस मार्ग से होकर गुजरने में कीचड़ का सामना करते हुए परेशानियां उठानी पड़ रही है। इस संबंध में स्थानीयजनों ने ये भी कहा कि जब वे मलबा हटाने पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदारों से बोलते हैं तो उनका जवाब रहता है कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने खुदाई की है आप उनसे शिकायत करिए और जब लोग स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार से मलबा हटाने कहते हैं तो स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी विभाग पर जिमेदारी डाल देते हैं।

समीक्षा | अरहर, उद्यानिकी, मछली पालन और पशुपालन को बढ़ावा देने के निर्देश, किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पर जोर

किसान समृद्ध होगा तभी प्रदेश समृद्ध होगा : केसी गुप्ता

नवभारत,शहडोल। कृषि उत्पादन आयुक्त श्री केसी गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा एवं शहडोल संभाग में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसान समृद्ध होगा तभी प्रदेश समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि और उससे जुड़े विभागों का 46 प्रतिशत योगदान है, इसलिए खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। समीक्षा बैठक में श्री गुप्ता ने अधिकारियों को परंपरागत खेती के साथ दलहन एवं तिलहन, विशेषकर अरहर की खेती के क्षेत्र विस्तार के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को कम लागत और अधिक लाभ देने वाली पूसा-16 किस्म की अरहर की खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने को कहा।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने प्रत्येक जिले में कृषि एवं उद्यानिकी की विशिष्ट फसलों के सेक्टर विकसित करने, फल, सब्जी, मसाला और फूलों की खेती को बढ़ावा देने तथा शिक्षित युवाओं को रोल मॉडल के रूप में प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, ई-केवाईसी तथा एग्रीस्टेक में पंजीयन सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया।बैठक में खाद वितरण की व्यवस्था, नरवाई प्रबंधन, बायो एनर्जी प्लांट, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना तथा मछली उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। श्री गुप्ता ने बंद खदानों और जलाशयों में केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।अतिरिक्त मुख्य सचिव पशुपालन उमाकांत उमराव ने पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, गुणवत्तायुक्त पशु आहार उत्पादन तथा साइलेज प्लांट स्थापना पर विशेष जोर दिया। कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष से आयोजित वर्चुअल बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार की शिकायत पर बाबू के विरुद्ध हुई कार्यवाही

▸ जमुना-कोतमा क्षेत्र के जीएम की बड़ी कार्रवाई

नवभारत,अनूपपुर। जमुना-कोतमा क्षेत्र में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) द्वारा जीएम ऑपरेशन कार्यालय में पदस्थ बाबू सोमेश्वर नारायण पाठक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आई है। शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों पर संज्ञान लेते हुए जीएम ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की तथा शिकायतकर्ता को आवश्यक होने पर पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता ने संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं से जुड़े आरोप प्रस्तुत किए थे। मामले को गंभीर मानते हुए प्रबंधन ने तत्काल हस्तक्षेप किया और तथ्यों की समीक्षा के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की। क्षेत्र में इस कार्रवाई को लेकर आम जनता एवं कर्मचारियों के बीच सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि यदि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामलों में इसी प्रकार निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई होती रही, तो व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय नागरिकों ने महाप्रबंधक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेना और आवश्यक कार्रवाई करना सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, लोगों को उम्मीद है कि भविष्य में भी भ्रष्टाचार के मामलों पर कठोर रुख अपनाया जाएगा, जिससे ईमानदार कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और आम जनता का विश्वास मजबूत होगा। इस सम्बन्ध मे मुख्य महाप्रबंधक से दूरभाष से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।